# बीकानेर में सास-बहू को तीन दिन डिजिटल अरेस्ट रखकर 48 लाख रुपये ठगे

## महिलाओं ने बैंक जाकर एफडी तुड़वाई और 48 लाख रुपए ठगों को दिए

- महिलाओं को 21, 22 और 23 जनवरी तक घर में डिजिटल अरेस्ट रखा गया, ठगों ने खुद को एनआईए का अधिकारी बताया और ठगी की

**बीकानेर,** (निसं)। यहां एक बुजुर्ग सहित दो महिलाओं को तीन दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखकर 48 लाख रुपए की ठगी की वरदात सामने आई है। दोनों महिलाओं को तीन दिन तक ठगों ने टॉर्चर किया, इसके बाद 48 लाख रुपए ट्रांसफर करवा लिये। मामला शहर के करण नगर क्षेत्र का है। इन महिलाओं को 21, 22 और 23 जनवरी तक घर में डिजिटल अरेस्ट रखा गया। ठगों ने खुद को एनआईए का अधिकारी बताया और ठगी की।

सायबर थाना प्रभारी रमेश सर्वटा ने बताया कि करणी नगर में दो महिलाओं को घर में ही डिजिटल अरेस्ट कर 48 लाख रुपए की सायबर ठगी की गई। सास-बहू को 21, 22, 23 जनवरी को घर में ही डिजिटल अरेस्ट रखा गया। इस दौरान आरोपी ने सुप्रीम कोर्ट के फर्जी ऑर्डर और अरेस्ट वारंट व्हाट्सएप पर भेजे। उन्हें तीन दिन तक अलग-अलग नंबरों से कॉल करके मानसिक प्रताड़ना देता रहा। वीडियो कॉल कर ऑफिस दिखाया, जिसमें दीवार पर एनआईए का लोगो लगा था। तीन-चार अन्य लोग भी खड़े नजर आए। यह देख दोनों इस कदर डर गए कि घर में शिखा के दोनों बच्चों तक को कमरे में नहीं आने दिया। आरोपी के सामने गिड़गिड़ाने लगे तो उसने 40 लाख रुपए मांगे। महिलाओं ने हां कर दी।

महिलाओं ने बताया कि वो ऑनलाइन ट्रांसफर नहीं कर सकती तो उन्हें बैंक जाने की इजाजत दी, लेकिन साथ ही हिदायत दी कि घर से सीधे बैंक जाना है और पैसा ट्रांसफर कर वापस आना है। किसी से कोई बात नहीं करनी है। दोनों महिलाएं केईएम रोड स्थित एसबीआई शाखा पहुंची, जहां कांता ने अपनी दो एफडी तुड़वाई। रकम सेविंग अकाउंट में ट्रांसफर कर आरोपी के बताए नंबरों पर 48 लाख रुपए दो अलग-अलग खातों में आरटीजीएस के जरिए भेज दिए।

परिवादी ने सायबर थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। सायबर थाना प्रभारी रमेश सर्वटा ने बताया कि हम जांच कर रहे हैं। सायबर और डिजिटल अरेस्ट कर ठगी के मामलों से लोगों को सावधान रहना चाहिए। अनजान कॉल अटेंड ना करें। ठगी के कॉल आने पर सायबर थाने सूचना दें।

# किराये पर बैंक खाते देने वालों पर शिकंजा, दो गिरफ्तार

- उदेई मोड़ पुलिस ने 58 लाख की सायबर ठगी से जुड़े बैंक खाते पकड़े

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। सायबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए उदेई मोड़ थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने कमीशन पर बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। इन पर सायबर ठगों को अपने बैंक खाते देने का आरोप है।

सवाई माधोपुर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व वृत्ताधिकारी गंगापुर सिटी के सुपरविजन में उदेई मोड़ थानाधिकारी के नेतृत्व में संदिग्ध बैंक खातों की जांच की गई। जांच में गंगापुर सिटी निवासी यश बंसल और मलारना डूंगर निवासी आर्यन अग्रवाल के बैंक खाते सायबर ठगी से जुड़े पाए गए। पुलिस के अनुसार, इन दोनों के खातों के खिलाफ विभिन्न राज्यों में सायबर ठगी की शिकायतें दर्ज हैं। कुल 58 लाख 92 हजार 452 रुपए से अधिक की ऑनलाइन ठगी के मामले सामने आए हैं, जिसमें से 4 लाख 10 हजार 328 रुपए सीधे इन आरोपियों के खातों में ट्रांसफर किए गए थे।

पूछताछ में पता चला कि आरोपियों ने अन्य साथियों के साथ मिलकर आपराधिक षड्यंत्र रचा और ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब, निवेश के नाम पर तथा फर्जी पुलिसकर्मी बनकर लोगों से ठगी की। ठगी गई राशि में से कमीशन काटकर शेष रकम अन्य आरोपियों को दी जाती थी। इस मामले में उदेई मोड़ थाने में प्रकरण दर्ज किया गया है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के आदेश पर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। पुलिस इस मामले में अन्य संदिग्धों की भूमिका की भी जांच कर रही है। इस कार्रवाई में थानाधिकारी उदेई मोड़ के साथ पुलिस टीम के अन्य सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह कार्रवाई सायबर क्राइम राजस्थान के निर्देशों पर चलाए जा रहे एक विशेष अभियान के तहत की गई।

# रसोई में रखे सिलेण्डर में आग लगी, दो जने झुलसे

- मिठाई बनाते समय हुआ हादसा, घरेलू सामान भी जला

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। नृसिंह कॉलोनी में मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे एक मकान में रसोई गैस सिलेंडर में आग लग गई। इस घटना में दो युवक झुलस गए। आगजनी में घर में रखा घरेलू सामान जलकर खाक हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सोनू पुत्र कैलाश के मकान में मिठाई बनाते समय सिलेंडर से गैस रिसाव होने के कारण आग भड़क उठी। आग की लपटें देखकर आसपास के लोग सहम गए और मौके पर पहुंचे। आग बुझाने के प्रयास में दो युवक झुलस गए। इनमें पीलौदा निवासी सुदीप का चेहरा और सोनू के चेहरे व हाथ आग की चपेट में आ गए। दोनों को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। गनीमत रही कि समय रहते सिलेंडर को घर से बाहर निकाल लिया गया, जिससे आग पूरे मकान में नहीं फैल सकी और एक बड़ा हादसा टल गया। कॉलोनीवासियों की सजगता और तत्परता से आग पर काबू पाया गया। घटना की सूचना अग्निशमन सेवा को दी गई, लेकिन दमकल वाहन आधे घंटे से अधिक देरी से पहुंचा। तब तक स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पा लिया था। इस आगजनी में घर में रखा घरेलू सामान जलकर राख हो गया। हादसे के बाद कॉलोनी के लोगों ने राहत की सांस ली। स्थानीय लोगों ने बताया कि यदि समय पर आग पर काबू नहीं पाया जाता, तो आसपास के अन्य मकानों को भी नुकसान पहुंच सकता था।

# बीकानेर में सेना भर्ती रैली कल से

- 18 फरवरी तक पांच जिलों के केंडिडेट्स आयेंगे

**बीकानेर,** (निसं)। यहां स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित स्टेडियम में 29 जनवरी से 18 फरवरी तक हो रही सेना भर्ती (वर्ष 2025-26) की तैयारियां अंतिम चरण में है। बीकानेर, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, चूरू और झुंझुनूं समेत पांच जिलों के केंडिडेट्स इस भर्ती में शामिल होंगे।

सेना भर्ती के इंचार्ज कर्नल अंकुर कुमार ने बताया कि सेना भर्ती रैली को लेकर जिला प्रशासन के साथ मिल कर पिछले चार महीनों से तैयारियां की जा रही है। तैयारियां अब अंतिम चरणों में है। भारतीय सेना के महानिदेशक भर्ती (डीजीआर) के नवीनतम प्रोटोकॉल और निर्देशों के अनुसार तैयारियां की गई है। उम्मीदवारों को भर्ती संबंधी परीक्षाओं के लिए सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जाएगा। कर्नल अंकुर कुमार ने बताया कि भर्ती स्थल और आसपास के क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। प्रवेश द्वार से लेकर परीक्षा स्थल तक हर जगह सेना और पुलिस बल तैनात रहेंगे। भीड़ नियंत्रण के लिए बैरिकेड लगाए गए हैं और सभी प्रतिभागियों को निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है। कर्नल ने बताया कि चयन प्रक्रिया पूरी तरह से निष्पक्ष और पारदर्शी है। किसी भी प्रकार के अनुचित प्रभाव, रिश्वत या बिचौलियों के माध्यम से चयन संभव नहीं है। उन्होंने उम्मीदवारों को हिदायत दी है कि वे किसी भी व्यक्ति के बहकावे में न आएं और यदि उन्हें कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत सेना भर्ती कार्यालय या निकटतम पुलिस स्टेशन को सूचित करें। कर्नल अंकुर कुमार ने बताया कि उम्मीदवारों का शारीरिक रूप से स्वस्थ होना ही नहीं, बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूत होना आवश्यक है। सेना में चयन के लिए ईमानदारी, अनुशासन और कड़ी मेहनत अनिवार्य हैं।

# बीकानेर में बिजली कंपनी और स्थानीय लोगों में टकराव

## बिजली कंपनी के कर्मचारी कुछ घरों में बिना अनुमति घुस गए, महिलाओं ने हंगामा किया

- आरोप है कि अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट की गई

**बीकानेर,** (निसं)। यहां प्राइवेट बिजली कंपनी और उपभोक्ताओं के बीच मंगलवार को फिर टकराव हो गया। बिजली कंपनी के कर्मचारी यहां शहरी परकोटे में स्थित कुछ घरों में बिना अनुमति घुस गए, जिसके बाद महिलाओं ने हंगामा कर दिया। इन घरों के मीटर कब्जे में लिए गए हैं, वहीं बिजली कंपनी के कर्मचारी एफआईआर करवाने नयाशहर थाने पहुंच गए।

नत्थानियों की सराय इलाके में वोल्टेज समस्या और क्षतिग्रस्त मीटर व पुराने तार बदलने पहुंची बिजली कंपनी की टीम के साथ धक्का-मुक्की हुई। घटना उस समय हुई जब बीकेसीईएल (बिजली कंपनी) की टीम क्षेत्र में खराब मीटर बदलने और तारों की मरम्मत का कार्य कर रही थी।

एईएन नितेश कुमार सहित बीकेईएसएल (बिजली वितरण कंपनी) के अधिकारी और कर्मचारी इलाके में कार्य के लिए पहुंचे थे। इसी दौरान कुछ स्थानीय लोगों ने टीम के कार्य का विरोध किया, जो देखते ही देखते विवाद में बदल गया। आरोप है कि अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ धक्का-मुक्की और मारपीट की गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिजली कंपनी के अधिकारी बिना किसी पूर्व सूचना के घरों में जबरन प्रवेश करने का प्रयास कर रहे थे, जिससे नाराजगी फैल गई और विवाद की स्थिति बन गई। कहीं कोई बिजली चोरी नहीं हो रही है। सिर्फ मीटर ही बदलना था तो कंपनी कर्मचारियों को बिना अनुमति घर में नहीं घुसना था। वहीं कंपनी अधिकारियों का कहना है कि वे नियमित सुधार कार्य के तहत मीटर और तार बदलने पहुंचे थे, लेकिन अचानक भीड़ एकत्र होकर अभद्रता और मारपीट पर उतर आई। घटना की सूचना नया शहर थाना पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची है।

# गणतंत्र दिवस समारोह में प्रिंसिपल ने डॉ. अंबेडकर की तस्वीर फेंकी

- प्रिंसिपल जगदीश जैन पर बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर की तस्वीर के अपमान का आरोप
- ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर प्रिंसिपल जगदीश जैन को तत्काल सस्पेंड करने की मांग की

**धौलपुर,** (निसं)। धौलपुर जिले में 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर थाना मनिया क्षेत्र के एक सरकारी विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एक विवादित मामला सामने आया है। इस घटना ने पूरे क्षेत्र में आक्रोश फैला दिया है। आरोप है कि विद्यालय के प्रिंसिपल जगदीश प्रसाद जैन ने कार्यक्रम के दौरान भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की तस्वीर को टेबल से उठाकर फेंक दिया, जिससे ग्रामीणों और समाज के लोगों की भावनाएं आहत हुई है।

ग्रामीणों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गणतंत्र दिवस कार्यक्रम के दौरान मंच पर बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर की तस्वीर विधिवत रूप से सजाकर रखी गई थी। इसी दौरान कुछ छात्र-छात्राओं द्वारा बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष और संविधान में उनके योगदान को लेकर प्रेरणादायक विचार व्यक्त किए जा रहे थे। आरोप है कि इसी बात से नाराज होकर प्रिंसिपल जगदीश जैन ने बच्चों को कड़ी फटकार लगाई और इसके बाद बाबा साहेब की तस्वीर को उठाकर वहां से हटा कर फेंक दिया। इस घटना की जानकारी जैसे ही गांव में फैली, पूरे क्षेत्र में भारी आक्रोश देखने को मिला। आज सुबह से ही गांव के ग्रामीणों और जाटव समाज के लोगों ने स्कूल के मुख्य गेट पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। प्रदर्शनकारी लगातार नारेबाजी करते हुए प्रिंसिपल जगदीश जैन को तत्काल सस्पेंड करने की मांग पर अड़े हुए हैं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि यह केवल एक तस्वीर का अपमान नहीं, बल्कि बाबा साहेब के विचारों और संविधान का अपमान है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन में शामिल लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि प्रिंसिपल जगदीश जैन इससे पहले भी कई बार विवादों में रह चुके हैं। जानकारी के अनुसार, उनका ट्रांसफर पहले झालावाड़ भी किया जा चुका है, लेकिन इसके बावजूद वे अभी तक इसी विद्यालय में पदस्थ हैं, जिससे ग्रामीणों में और अधिक नाराजगी है।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मौके पर पुलिस प्रशासन, मनिया तहसीलदार सहित पूरा प्रशासनिक अमला मौजूद है। प्रशासन ग्रामीणों से समझाइश कर धरना समाप्त कराने का प्रयास कर रहा हैं, लेकिन प्रदर्शनकारी अपनी मांगों पर अड़िग बने रहे। फिलहाल क्षेत्र में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों का साफ कहना है कि जब तक आरोपी प्रिंसिपल के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होती, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

# भरतपुर में दस माह से लापता युवक का नहीं लगा सुराग

- धरना देने के लिये ग्रामीण सड़क पर ही बैठ गये

**भरतपुर,** (निसं)। भरतपुर में वैर इलाके के आईजी ऑफिस पर ग्रामीण धरना देने के लिए पहुंचे लेकिन, पुलिस ने उन्हें ट्रैफिक चौराहे पर ही रोक दिया, जिसके बाद ग्रामीण सड़क पर ही बैठ गए। इस दौरान 17 डिग्री टेंपरेचर था और बारिश भी हो गई। बारिश में ग्रामीण सड़क पर बैठे रहे। ग्रामीणों का कहना है कि गांव के कुछ लोगों ने प्रहलाद का 10 महीने पहले अपहरण कर लिया था। जिसकी एफआईआर वैर में करवाई गई लेकिन, एक साल बीत जाने के बाद भी प्रहलाद का कुछ पता नहीं लगा।

पूनम बाई बैरवा निवासी नगला हरिहर गांव ने बताया कि मेरे पति प्रहलाद (37) ने 4 साल पहले धर्मेंद्र धाकड़ और राजेश कुमार गर्ग ने मेरे पति प्रहलाद से उधार पैसे ले लिए। राजेश ने प्रहलाद से 15 लाख और धर्मेंद्र ने 4 लाख 50 हजार रुपए लिए थे। प्रहलाद उनसे पैसे वापस देने का तकादा कर रहा था लेकिन, दोनों लोग पैसे नहीं लौटा रहे थे। जिस पर करीब 2 साल पहले प्रहलाद ने धर्मेंद्र और राजेश के खिलाफ वैर थाने धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज करवाई। मुकदमा कोर्ट में चल रहा था। 26 मार्च को प्रहलाद इसे मुकदमे के चलते कोर्ट गया था। वहां से राजेश और धर्मेंद्र ने प्रहलाद का अपहरण कर लिया, जिसके बाद से प्रहलाद का कुछ पता नहीं है।

प्रहलाद के परिजनों ने इसकी एफआईआर वैर थाने में भी करवाई। 1 साल बीत जाने के बाद भी पुलिस प्रहलाद का कुछ पता नहीं लगा पाई, जिसको लेकर प्रहलाद के परिजनों ने अप्रैल महीने में वैर थाने पर धरना दिया। करीब 6 दिन धरना देने के बाद पुलिस ने धरने को खत्म करवा दिया। प्रहलाद के परिजन आईजी ऑफिस पर धरना देने के लिए भरतपुर पहुंचे लेकिन पुलिस ने प्रहलाद के परिजनों और ग्रामीणों को ट्रैफिक चौराहे पर रोक लिया। पुलिस लगातार प्रहलाद के परिजनों से समझाइश कर रही है। प्रहलाद के परिजन वैर पुलिस पर जांच में लापरवाही, धर्मेंद्र और राजेश से मिले होने का आरोप लगा रहे हैं।

# शटर तोड़कर दुकान से साढ़े चार लाख रुपए चुराए

- चोरी की घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई

**टोंक,** (निसं)। कोतवाली थाना क्षेत्र में सोमवार रात्रि को रामकृष्ण मंदिर के सामने स्थित एक दुकान से चोर शटर तोड़कर साढ़े चार लाख रुपए चुराकर फरार हो गए। इस दौरान नकाबपोश चोर बाइक पर आए तथा बड़ी लोहे की रॉड से दुकान का शटर करीब दो फीट ऊपर उठाया और गल्ले में रखी नकदी लेकर फरार हो गए। यह पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है।

घटना की जानकारी मंगलवार सुबह आसपास के दुकानदारों ने शटर उठा देखकर दुकानदार को दी, जिसके बाद दुकान मालिक मोहम्मद जमील मौके पर पंहुचे तथा जब उन्होंने गल्ला और तिजोरी जांची तो साढ़े चार लाख रुपए गायब मिले। घटना के बाद सूचना पर पुलिस कोतवाली, व्यापार संघ अध्यक्ष मनीष पाटनी और अन्य व्यापारी मौके पर पहुंचे तथा मुख्य बाजार में हुई चोरी को लेकर व्यापारियों ने नाराजगी जताई, जिसके बाद व्यापारियों ने चोरों की गिरफ्तारी की मांग की। दुकानदार मोहम्मद जमील ने बताया कि फुटेज में साफ दिख रहा है कि तीन युवक बाइक से आए और कुछ ही मिनटों में चोरी कर फरार हो गए। घटना में प्रकरण दर्ज कर पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश में जुटी है।

# बीकानेर में ट्रैफिक पुलिस थाना से महिला पुलिसकर्मी की स्कूटी चोरी

- स्टाफ पार्किंग से वाहन उठाकर ले गए चोर, एफआईआर दर्ज कराई

**बीकानेर,** (निसं)। पूरे शहर की निगरानी करने वाले अभय कमांड परिसर से ही चोरी की घटना सामने आई है। अभय कमांड में तैनात महिला पुलिसकर्मी की स्कूटी ट्रैफिक पुलिस थाना की स्टाफ पार्किंग से चोरी हो गई। मामला 24 जनवरी का है, जिसकी रिपोर्ट 26 जनवरी को दर्ज कराई गई है। घटना ने उस परिसर की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं, जहां से शहरभर के सीसीटीवी कैमरों की मॉनिटरिंग होती है।

जयनारायण व्यास कॉलोनी थाने में दर्ज एफआईआर के अनुसार महिला पुलिसकर्मी शीतल नाथ वर्तमान में अभय कमांड कंट्रोल में कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि 24 जनवरी को दोपहर की पारी में ड्यूटी पर पहुंचकर अपनी स्कूटी ट्रैफिक पुलिस की स्टाफ पार्किंग में खड़ी की थी। इसके बाद वह अभय कमांड के ऑफिस में चली गईं। शीतल नाथ ने बताया कि रात करीब 9 बजे ड्यूटी पूरी कर जब वह वापस पार्किंग में पहुंची, तो वहां उनकी स्कूटी मौजूद नहीं थी। आसपास काफी देर तक तलाश की गई, लेकिन स्कूटी का कोई पता नहीं चला। इसके बाद उन्होंने चोरी की आशंका जताई। स्कूटी नहीं मिलने पर महिला पुलिसकर्मी ने 26 जनवरी को जयनारायण व्यास कॉलोनी थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। मामले की जांच एएसआई विनोद कुमार को सौंपी गई है। पुलिस अब परिसर और आसपास लगे कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

बीकानेर में ट्रैफिक पुलिस थाना और अभय कमांड एक ही परिसर में स्थित हैं। अभय कमांड पहली मंजिल पर संचालित होता है, जबकि नीचे स्टाफ के लिए पार्किंग की व्यवस्था है। इस मामले में यातायात निरीक्षक नरेश निर्वाण ने कहा कि उनके संज्ञान में ऐसी कोई घटना नहीं लाई गई है। उन्होंने बताया कि थाना परिसर काफी बड़ा है और संभव है कि किसी ने पार्किंग से बाहर वाहन खड़ा किया हो, फिर भी पूरे मामले की जानकारी ली जाएगी। एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस चोरी के कारणों और आरोपी की पहचान में जुटी है।

# छबड़ा के माणक चौक गांव में रास्ते में भरे गंदे पानी से विद्यार्थी परेशान

- विद्यार्थियों को कीचड़ भरे रास्ते से गुजरने की मजबूरी, स्कूल के आसपास कीचड़ फैला है

**छबड़ा,** (निसं)। माणकचौक गांव में सरकारी विद्यालय के आसपास लंबे समय से कीचड़ की गंभीर समस्या बनी हुई है। विद्यालय के समीप नाली की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण गांव का गंदा पानी वहीं एकत्रित हो जाता है, जिससे पूरे क्षेत्र में कीचड़ फैल जाता है। पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक गौड़ ने समस्या का स्थायी समाधान किये जाने की मांग की है।

गौड़ के अनुसार इस समस्या के चलते विद्यालय आने-जाने वाले बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अभिभावकों में भी बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है। बीते कुछ दिन पूर्व एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की स्कूटी कीचड़ में फिसल गई थी, जिससे उन्हें चोट भी आई थी।

माणकचौक निवासी मुकेश लोधा, हरगोविन्द लोधा, महेंद्र लोधा, चंद्रमोहन लोधा, राजकुमार लोधा सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय के पास नाली नहीं होने के कारण पानी की निकासी नहीं हो पाती, जिससे हर समय कीचड़ की स्थिति बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि संबंधित विभाग समय रहते नाली निर्माण एवं जल निकासी की उचित व्यवस्था कर दे ताकि इस समस्या से स्थायी निजात मिल सकती है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र समस्या के समाधान की मांग की है।



माणकचौक गांव में सरकारी विद्यालय के आसपास कीचड़ की समस्या बनी हुई है।

# गणतंत्र दिवस पर तिरंगा वाहन रैली निकाली

**बूंदी,** (निसं)। गणतंत्र दिवस के अवसर पर बूंदी शहर में एक भव्य विशाल तिरंगा वाहन रैली निकाली गई। रैली संरक्षक टिकम जैन, भरत शर्मा, महावीर मोदी के नेतृत्व में गढ़ की पड़स से प्रारंभ हुई यह रैली शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई भरा गणेश पहुंची, जहां ध्वजारोहण के साथ रैली का समापन हुआ।

रैली के संयोजक गौरव भटनागर ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य देश की एकता और अखंडता को मजबूत बनाना था। रैली प्रभारी शुभम सुमन और सहसंयोजक चेतन पंचोली ने लोगों का आभार व्यक्त किया। रैली के दौरान जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर रैली का स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष रामेश्वर मीणा, एसटी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष आशा मीणा, जिला महामंत्री संजय लाठी, कुंज बिहारी बिलिया, पार्षद राजेश शेरगड़िया, पार्षद मोनिका शेरगड़िया, हर्षवर्धन भटनागर, अर्जुन डाबोडिया, भाजपा नेता तुषार पारीक, अमित निंबार्क, आशीष गुर्जर, पूर्वपार्षद गौरव वर्मा , निखिल राठोर, वैभव योगी, चैतन्य सनाढ्य, राहुल सेन, नितिन वर्मा, शेखर सैनी, नीरज सुमन,आदि गणमान्य लोग शामिल थे।

# 33 केवी विद्युत लाइन से बैंक में करंट दौड़ा, लाखों के उपकरण जले

## धमाका इतना तेज था कि सभी कर्मचारी व बैंक के ग्राहकों ने बाहर भागकर अपनी जान बचाई

- बैंक से जुड़े महावीर स्मृति आवास में भी विद्युत के कई उपकरण जल गये

**बूंदी,** (निसं)। शहर के लंकागेट पुरानी धानमण्डी रोड़ स्थित आईडीएफ़सी बैंक, इटोस बैंक व उससे जुड़े घर की विद्युत लाइन में मंगलवार सुबह 33 केवी विद्युत लाइन से करंट उतर जाने से ही भारी धमाके के साथ बैंक के कई उपकरण जल गए, जिसकी वजह से बैंकों में कामकाज ठप हो गया और बैंक व उससे जुड़े घर में लाखों रुपया का नुक़सान हुआ है।

मामले में जानकारी देते हुए बैंक कर्मियों ने बताया कि धमाका इतना तेज था कि सभी कर्मचारी व बैंक के ग्राहक घबरा गए, इसके तत्काल बाद ही बैंक के अंदर आग के गोले उठे और कई धमाके हुए विद्युत व बैंक से जुड़े कई क़ीमती उपकरण जल गए। तेज धमाकों से बैंक के कई उपकरण गिर गये, फ़ॉल सीलिंग भी गिर गई और कई उपकरण जल गये इसके बाद लोगों ने बाहर भागकर अपनी जान बचाई। वहीं बैंक से जुड़े महावीर स्मृति आवास में भी विद्युत के कई उपकरण जल गये। विद्युत का तेज धमाका होने के साथ ही कई बिजली उपकरण जलने से काफ़ी नुक़सान हुआ है। मामले में विद्युत विभाग की लापरवाही से हुए नुक़सान से सभी बैंक कर्मियों एवं निजी आवास मालिक गणेशलाल शर्मा ने रोष जताया है। उन्होंने विभाग को ज़िम्मेदार मानते हुए मामले में हुए नुक़सान को लेकर भी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही भविष्य में ऐसी दुर्घटना न हो इसके लिए विद्युत लाइनों को लेकर पूरी तरह एहतियात बरतने, उचित रख रखाव सहित समय-समय पर सार सम्भाल करने सहित उन्हें पूरी तरह दुरुस्त करने की बात कही है।

भाजपा के पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रुपेश शर्मा ने भी विद्युत विभाग की लापरवाही को लेकर रोष व्यक्त किया है और विद्युत विभाग को मामले में सीधा ज़िम्मेदार मानते हुए सारे नुक़सान का सर्वे कराकर पीड़ित पक्ष को राहत प्रदान करने की मांग की है।

# गिट्टियों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी

**गंगापुर सिटी,** (निसं)। शहर की लाटा हाउस गली में मंगलवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब गिट्टियों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अचानक पलट गई। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई और बड़ा हादसा टल गया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए।

प्रत्यक्षदर्शियों व मोहल्लेवासियों ने बताया कि मंगलवार को यहां से ट्रैक्टर-ट्रॉली में गिट्टियां भरी जा रही थी। इसी दौरान अचानक ट्रॉली का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर पलट गई। बताया गया कि ट्रॉली का डाला सही तरीके से नहीं खुल पाया, जिससे भार एक तरफ आ गया और ट्रॉली पलट गई। हादसे के समय चालक ने सतर्कता दिखाते हुए ट्रैक्टर से कूदकर अपनी जान बचा ली। हादसे के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली के दोनों पहिए ऊपर की ओर हो गए, जिसे देखकर लोग सहम गए। लाटा हाउस गली संकरी होने के कारण यदि उस समय कोई राहगीर या वाहन गुजर रहा होता तो बड़ा हादसा हो सकता था। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह गली दिनभर व्यस्त रहती है और अक्सर बच्चे व बुजुर्ग भी इसी रास्ते से निकलते हैं। ऐसे में हादसा होते-होते बचना सभी के लिए राहत की बात रही। घटना की जानकारी मिलने पर आसपास के क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए और स्थिति को देखने लगे। कुछ समय बाद क्रेन को बुलाया गया, जिसकी सहायता से ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीधा किया गया। ट्रॉली को हटाए जाने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।